IIT, AIIMS, IIM होने के बाद झारखंड शैक्षिक केंद्र के रूप में होगा अग्रणी : हरिवंश

News Wing

आइआइएम रांची के नये कैंपस के सभागार में आयोजित 12वें फाउंडेशन डे कार्यक्रम में शामिल हुए कई गणमान्य लोग

Ranchi : राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा है कि आइआइटी, एम्स, आइआइएम रांची जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों की स्थापना के साथ ही झारखंड एक शैक्षिक केंद्र के रूप में अग्रणी स्थान पर होगा. आइआइएम रांची के नए कैंपस के सभागार में आयोजित 12वें फाउंडेशन डे कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ऑनलाइन उपस्थित होकर हरिवंश नारायण ने ये बात कहीं.

उन्होंने कहा है कि झारखंड में असाधारण प्राकृतिक और मानव संसाधन और संस्थान है. इसमें आइआइएम रांची जैसी संस्थाओं का अहम रोल है. संस्थान का यह कर्तव्य है कि वे देश के युवाओं को व्यवसाय प्रबंधकों के रूप में खुद को सीमित करने के बजाय कई क्षेत्रों में नए उद्यम करने के लिए आवश्यक कौशल मुहैया कराए.

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रबंध निदेशक सूर्या रोशनी लिमिटेड एवं दार्जिलिंग सीट से लोकसभा सदस्य राजू बिस्ता, चेयरमेन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स आइआइएम, रांची के प्रवीन शंकर पांड्या, संस्थान के डायरेक्टर प्रो शैलेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे. मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े. कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई.

पोस्ट कोविड पीरियड दुनिया में लेकर आ रहा है बहुत सारे अवसर : राजू बिस्ता

दार्जिलिंग सांसद राजू बिस्ता ने कहा कि हमें हमेशा सीखते रहना चाहिए और कभी भी सीखना बंद नहीं करना चाहिए. जीवन में नई चीजें सीखने के लिए कोई उम्रसीमा नहीं है.

पोस्ट कोविड पीरियड दुनिया में बहुत सारे अवसर लेकर आ रहा है. उन्होंने मां की भूमिका की सराहना कहते हुए कहा कि मां किसी भी बच्चे के लिए पहली वित्तीय गुरु हैं और हम उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं.

आइआइएम रांची में अब 46 फैकल्टी मेंबर्स, 5 प्रोग्राम और 600 से अधिक स्टूडेंट्स हैं जुड़े

संस्थान के डायरेक्टर ने कॉलेज के सफर के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि आइआइएम रांची में 40 स्टूडेंट्स, एक प्रोग्राम और 12 टीचर्स के साथ शुरुआत हुई और अब आईआईएम रांची में 46 फैकल्टी मेंबर्स, 5 प्रोग्राम और 600 से अधिक स्टूडेंट्स है. जल्द ही बिजनेस एनालिटिक्स कोर्स व 5 साल के इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट कोर्स भी जोड़ा जायेगा. मौके पर कॉलेज के स्टूडेंट्स व फेकल्टी मेंबर्स ऑनलाइन व ऑफलाइन मोड पर जुड़े रहे.

News Wing, 15.12.2020

https://newswing.com/jharkhand-will-be-pioneer-as-educational-center-after-iit-aiims-iim-harivansh/215522/